प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

यशोन्नति

वर्ष 8+16 अंक 64 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी बुधवार 08 नवंबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लाँग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार

पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

मध्यप्रदेश में मोदी मैजिक के साथ, ×éØ˜ãè लाडली बहना योजना का व्यापक असर

प्रदेश में भाजपा फिर से सरकार बनाने की ओर अग्रसर- नीता पटेरिया

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश में मु यमंत्री लाडली बहना योजना ने महिलाओं का मन जीत लिया है । महिलाओं के लिये शिवराज सरकार ने जो योजनाएँ प्रारंभ की है उससे महिलाओं की स्थिती में बड़ा बदलाव आया है जो लोकप्रियता मातृशक्ति के बीच हमारे यशस्वी मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बनायी है वह किसी अन्य मु यमंत्री की नहीं है । यह बात पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया सिवनी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन के समर्थन विभिन्न ग्रामों में महिलाओं से जनसंपर्क के दौरान चर्चा करते हुये कही । उन्होंने कहा कि यह बात चुनावी चर्चा के लिये ही नहीं बल्कि जमीनी सच्चाई है कि शिवराज सरकार की इस जादुई योजना का बारीकी से विश्लेषण किया जाय तो यह योजना शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक जबरदस्त लोकप्रिय साबित हुई तथा मातृशक्ति को इसका लाभ हुआ है ।

मातृशक्ति से चुनावी जनसंपर्क के दौरान कहा कि मातृशक्ति को भाजपा जहाँ आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिये चिंता कर रही है वही केन्द्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की शिवराज मातृशक्ति के स्वास्थ्य, उनके स मान के लिये जो ऐतिहासिक काम किये है उससे मातृशक्ति में भाजपा के प्रति अपनत्व का और आत्मीय भाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है, विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में महिलाओं का भारी जनसमर्थन मिल रहा है ।

श्रीमती पटेरिया ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो देश और प्रदेश को एक परिवार मानती है और सभी वर्गो की चिंता करती है । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चोहान ने गरीब कल्याण की योजनाएँ प्रारंभ कर गरीबो को विकास की मु यधारा से जोड़ने का काम किया । आदिवासी समाज को पेसा ऐ ट के माध्यम से अधिकार संपन्न बनाया, आदिवासी वर्ग की आर्थिक, सामाजिक शैणक्षिक उन्नति के लिये जबरदस्त प्रयास किये । आज स्थिती यह है कि कांग्रेस आदिवासी वर्ग और अल्पसं यक वर्ग को भाजपा के विरोध में भडकाकर अपने राजनैतिक हित साधते रही अब अल्पसं यक वर्ग भी समझ गया है कि भाजपा जनकल्याण की योजनाएँ बनाकर उनका बड़ा हित करती है और किसी प्रकार भेदभाव नहीं करती । लाड़ली बहना योजना की राशि जैसे सभी वर्गो को प्राप्त हो रही है वैसे ही उन्हें भी प्राप्त हो रही है । इसके साथ प्रधानमंत्री मु त अनाज योजना, आयुष्मान योजना, किसान स मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, आदि योजनाओं का सभी को बराबरी से लाभ प्राप्त हो रहा है ।

श्रीमती पटेरिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश में पांचवी बार भारी बहुमत से सरकार बनाना सुनिश्चित है कांग्रेस पार्टी की कलई खुल चुकी है । पिछली बार कुछ माह के लिये प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी तो सभी जनकल्याण की योजनाएँ बंद कर दी गयी थी जनता समझ चुकी है कि इस बार भी कांग्रेस का ऐसा ही इरादा है और कांग्रेस की सरकार आई तो लाड़ली बहना योजना बंद कर देगी जबकि भाजपा की सरकार आने पर महिलाओं को तीन हजार रूपये मिलने की शिवराज सरकार घोषणा कर चुकी है और योजनाओं के लाभ से सभी वर्ग की महिलाएँ उत्साहित है । इसलिये उनका भारी जनसमर्थन भाजपा के साथ है उन्हें इस बात की जानकारी है कि भाजपा की सरकार उन्हें आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाने के लिये निरंतर काम कर रही है उनके स मान को स्थापित कर रही है जबकि कांग्रेसी भ्रष्टाचार, दलाली, गरीबों को सताने और महिलाओं के स मान का ध्यान नहीं रखते । इस आशय की बात श्रीमती पटेरिया ने सिवनी नगर, मरझोर, एवं झिलमिली में मातृशक्ति से चर्चा करते हुये कही और कहा कि सिवनी के विकास के लिये दिनेश राय मुनमुन के सराहनीय प्रयास रहे है । और उन्होंने आमजनों की हर परेशानी में मदद करने की भावना से जनता की सेवा की है ।

भाजपा के प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन को भारी बहुमत से विजयी बनाने का संकल्प ले आपका यह वोट कल्याणकारी भाजपा की मोदी सरकार और प्रदेश की शिवराज सरकार की ताकत बनेगी और सत्ता के माध्यम से सेवा के संकल्प को बल मिलेगा ।

एक विराट व्यक्तित्व के समक्ष अपना परिचय देना सुखद अनुभव - भाजपा मीडिया प्रभारी

सिवनी यशोः-अदभुत प्रतिभा और विराट व्यक्तित्व के धनी, देश के प्रधानमंत्री और विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता श्री नरेंद्र मोदी जी से भेंट कर उन्हें अपना परिचय देना भी गौरव, स मान एवं हर्ष से भरा पल है। यह गौरवशाली अवसर प्रधानमंत्री जी के सिवनी आगमन के दौरान उनके द्वारा संबोधन के पूर्व प्रतिक्षा कक्ष मे भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी व सह मीडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल एवं मनोज मर्दन त्रिवेदी को मिला। इस भेंट व परिचय के अवसर को अपने जीवन के सबसे सुखद क्षण के रूप मे अनुभव करते हुए महडिया प्रभारी द्वय द्वारा कहा गया कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी देशवासियों के उत्थान, विकास और गौरव के लिए अपना स पूर्ण जीवन एवं सर्वस्व समय समर्पित करने वाले ऐसे नेता हैं जो बुद्धि के शिखर हैं। ज्ञान के सागर हैं, और साहस की परिभाषा हैं। वे विकास का पथ हैं, वे गौरव की गाथा हैं। उनसे मिलना हमारे लिए गौरव की बात है, प्रसन्नता के पल हैं, यह अभिनंदन का अवसर भी है साथ ही अपने जीवन में चिरस्मरणीय रखने वाला अनमोल तोहफा भी है।

प्रत्याशी काकोड़िया सहित दंगल आयोजकों पर आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज

सिवनी यशोः- जिला प्रशासन द्वारा बरघाट विधानसभा प्रत्याशी अर्जुन सिंह काकोड़िया सहित तीन पर बरघाट पुलिस ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर एफआईआर दर्ज कराई है। श्री काकोड़िया द्वारा 31 अे टूबर को मलारा गांव में दंगल के आयोजन के दौरान चुनाव बाद एक लाख रुपए देने की घोषणा की गई थी। प्रत्याशी श्री काकोड़िया सहित दंगल का आयोजन करने वाले मलारा निवासी अल्ताफ व कामता बिसेन पर भी आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950,1951 और 1989 की धारा 123, भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 188 व 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

गुरू उपकार दिवस के रूप में मनाया गया संयम दीक्षा महोत्सव

सदियों के बाद बने उस दुर्लभ योग मे ही मेरी दीक्षा का संयोग छिपा हुआ था - मुनि शाश्वत सागर

सिवनी यशोः-पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के सुशिष्य पूज्य मुनि श्री शाश्वत सागर जी महाराज के दसवें दीक्षा दिवस पर सकल जैन समाज के तत्वावधान में प्रातः काल धर्म सभा में पूज्य मुनि श्री की त्रय प्रदिक्षणा पूर्वक वंदना कर इस गुरू उपकार दिवस पर सुंदर सजे हुए अष्ट द्रव्यों के थालो से पूज्य आचार्य श्री एवं मुनि श्री की पूजन महाआरती कर उपस्थित श्रद्धालुओ ने अपनी भक्ति प्रगट की। दीक्षा दिवस पर पूज्य श्री के चरण पखारने का सौभाग्य संजय सुनीता जैन पान वालो को जबकि शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य क्रमशः अनिल नायक एवं डॉ टर श्रीपाल कोठारी परिवार को प्राप्त हुआ। इन सौभाग्यशाली परिवारो द्वारा सभा में पूज्य आचार्य श्री के चित्र के स मुख दीप प्रज्वलन किया गया।इस अवसर पर पूज्य मुनि श्री ने अपने वैराग्य का रहस्य खोलते हुए कहा कि *बड़े भाई की अकस्मात* *मृत्यु ही मेरे* *वैराग्य का निमित्त बनी।* भाई के वियोग का दारुण्य दुख एक अनजाने रोग के रूप में मुझे घेरने लगा फलस्वरूप स्वास्थ्य गिरने लगा डॉ टरों ने मेरे माता पिता को सलाह दी की इनके स्वास्थ्य को सुधारने के लिए इन्हें घर के उस वातावरण से कुछ दिन दूर रख कर बाहर घुमाने ले जाए वातावरण बदलेगा ये स्वस्थ हो जाएंगे । डॉ टर्स की सलाह पर माता पिता मुझे बुंदेलखंड क्षेत्र के जैन तीर्थ स्थलो के दर्शनों को ले गए।इस यात्रा के दौरान अशोक नगर के समीप थुबोन जी तीर्थ पर चातुर्मास रत आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के दर्शनों से ऐसा लगा कि वर्षो से जिन्हे में खोज रहा था वह वीतरागी मुद्रा मुझे मिल गई। आचार्य श्री से चर्चा कर मैने उनसे आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत ग्रहण करने की भावना व्यक्त कि किंतु आचार्य श्री ने उस समय मुझे मात्र एक वर्ष का ही व्रत प्रदान किया जो क्रमशः हर वर्ष उनके आशीर्वाद से वह व्रत बढ़ बढ़ कर आजीवन हो गया धीरे धीरे 28 29 वर्ष बीत गए दीक्षा लेने की भावना बलबती होने पर भी गुरू कृपा मुझ पर ना जाने कहा अवरुद्ध हो रही थी समझ से परे थी।उम्र भी 56 पार होने लगी तब सारी आशाएं समाप्त होने लगी कि गुरू जी से अब शायद ही दीक्षा मिल पाए किंतु मेरे जीवन में सौभाग्य का उदय हुआ और वर्ष 2014 में आचार्य श्री के विदिशा चातुर्मास में पद यात्रा करते हुए उनके दर्शनों को गया तो उस समय कुछ ऐसा दुर्लभ मांगलिक योग सदियों बाद आगामी दिनों में बन रहा था जिसकी चर्चा पूरे मुनि संघ में जोरो पर थी किंतु में इस सब से अनभिज्ञ था।संघ में उस समय एक सॉ टवेयर इंजीनियर जो आचार्य श्री से व्रत लेकर अपनी सर्विस कर रहे थे लाखो का पैकेज था उनका किंतु दीक्षा के भाव थे उन्होंने आचार्य श्री से उस मंगल महूर्त पर दीक्षा ग्रहण करने के भाव दर्शाते हुए श्री फल अर्पित किया वैराग्य एवं विरक्ति के भाव परख आचार्य श्री ने उन्हे सहर्ष ही दीक्षा हेतु आशीष व अनुमति प्रदान की तब मुनि योगसागर महाराज ने आचार्य श्री को सलाह दी कि गुरूवर और भी साधक है दीक्षा के भाव से वर्षो से आस लगाए बैठे है फिर उन्होंने मेरा उल्लेख कर कहा कि जबलपुर वाले ब्रह्मचारी भाई कई वर्षो से साधना कर पद बिहार कर रहे है तब आचार्य श्री ने अपनी दया दृष्टि मुझ पर केंद्रित कर मुझे बुलवाया में खुशी खुशी आचार्य श्री के शरणागत हुआ और उन्होंने मुझे एवं दो और अन्य साधकों को ऐसी चार दीक्षाओ की अनुमति प्रदान की।जब आचार्य श्री ने दीक्षा की अनुमति दी तब फोन कर मैने अपनी मां को सारी सूचना देकर पूछा कि गुरूदेव आचार्य श्री ने मुझे मुनि दीक्षा प्रदान करने की स्वीकृति दे दी हैं या इस मंगल कार्य में आपकी अनुमति है तब मां ने निस्वार्थ भाव से कहा बेटा मेरी चिंता मत करना तुम अपना आत्म कल्याण करो तु हारे भाई मेरी सेवा कर रहे है और सदियों बाद आए उस मंगल महूर्त में वह सौभाग्य का क्षण भी आया जब चार दीक्षाओ मे मुझे दूसरे क्रम पर गुरूदेव ने दिगंबर मुनि दीक्षा प्रदान की वर्षो की दबी मेरी कामना उस शुभ महुर्त में पूर्ण हुई।दीक्षा के बाद संघ में जो मुनिराजो का स्नेह एवं सहयोग मिला वह अविस्मरणीय है विशेष कर अस्वस्थता में पूज्य निर्यापक मुनि योगसागर जी, पूज्यसागर जी, अतुलसागरजी, निसीम सागर जी महाराज ने बड़े ही समर्पण भाव से सेवा की। उन सभी के उस वात्सल्य एवं समर्पण के लिए में सदा कृतज्ञ रहूंगा। दीक्षा दिवस पर पारस जैन ने कहा कि जन्म उसी का सार्थक होता है जिसने अपने जीवन में संयम धारण किया हो।महाराज जी के निष्कलंक संयममय जीवन की वीर प्रभु से कामना करते हुए प्रार्थना है कि संयम की जिस नीव पर आपके रत्नत्रय का सुंदर मंदिर बन कर खड़ा हुआ है अंत में निष्कलंक सल्लेखा समाधी पूर्वक उस मंदिर का कलशारोहण हो।

इस अवसर पर कार्तिक मास की अष्टाहिंका पर्व पर सिद्ध चक्र मंडल अथवा कल्पद्रुम विधान के वृहत आयोजन में पूज्य मुनि श्री से अपना सानिध्य प्रदान करने हेतु सकल जैन समाज ने श्रीफल अर्पित कर प्रार्थना की।मुनि श्री ने समाज की भावना देख उक्त मांगलिक हेतु अपनी स्वीकृति एवं आशीष प्रदान किया।

आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कोतवाली पुलिस की कार्यवाही

सिवनी यशोः- पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री गुरुदत्त शर्मा अनुविभागीय पुलिस अधिकारी पुरुषोत्तम मरावी के दिशा निर्देश अनुसार आचार संहिता के चलते सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालो पर सतत निगाह रखी जाने के लिये आदेशित किया गया है। थाना कोतवाली में दिनांक 6.11.23 को प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि सोशल मीडिया के प्लेटफार्म फेसबुक मे किसी व्यक्ति के व्दारा आपत्तिजनक सा प्रदायिक पोस्ट की गई है जिससे किसी विशेष वर्ग 1दृष्ड्ड टारगेट किया गया है जिससे शहर की फिजा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है जो थाना कोतवाली vec pi प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया जो थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी हमराह उनि राहुल ककोडिया प्र.आर. रामअवतार आर. राजू भलावी व्दारा तत्परता से कार्यवाही कर आरोपी को हिरासत मे लेकर माननीय न्यायालय पेश किया गया जो न्यायालय द्वारा आरोपी को जेल भेजा गया है।।

आरोपी- सोनू राहंगडाले पिता लि खन राहंगडाले उम्र 26 साल नि. बरघाट सिवनी

अपील- आम जनता से अपील की जाती है कि ऐसी किसी भी तरह की पोस्ट को न तो ग्रुप मे भेजे न ही शेयर करे जिससे कि सा प्रदायिक भावनाओं को ठेस पहुचे।

भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन ने अनेकों ग्रामों मे किया सघंन जनसंपर्क

भाजपा ने प्रदेश को बीमारू राज्य से विकसित राज्य बनाया

सिवनी यशोः- मंगलवार, दिनांक 07/11/2023 को सिवनी विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन ने भाजपा मंडल करकोटी अंतर्गत अनेकों ग्रामों मे सघंन जनसंपर्क कर मतदाता बंधुओं से आशीर्वाद प्राप्त किया। भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन ने भाजपा मंडल करकोटी अंतर्गत आने वाले ग्राम बोरदई से प्रातः 09:00 बजे जनसंपर्क अभियान आरंभ करते हुए वाडीवाडा, पिपरिया, केकडवानी, सुकवाह, कोकीवाडा, मैली, बाहनदेही, जनता नगर, डोरली छतरपुर, छिड़िया, पलारी, आमाझिरीया, डुंगरिया, चीचबंद, छिंदवरी, पाथरफोडी, हेटीटोला, मिर्ची टोला, करकोटी, रिझाईटोला, मेहराखापा, सरेखाटोला, मुंडरई, रामाटोला, विजयपानी, उडेपानी, बंजारी, ईंदावाडी, चुरनाटोला, बरेलीपार, नगरवाडा, कंजई, गेहरुटोला, झीलपिपरिया, खमरिया, पद्दीकोना, घाटपिपरिया, डुंगरिया एवं ग्राम कंडीपार आदि ग्रामों मे पहुंचकर सघंन जनसंपर्क किया। तथा मतदाता बंधुओं से आशीर्वाद प्राप्त किया। जहां पर जगह-जगह घरों से निकल कर माताओं, बहनों ने तिलक किया गया। तथा युवाओं द्वारा फूलमालाओं से आत्मीय स्वागत के साथ फिर इस बार भाजपा सरकार के नारे लगाए गए। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व मे मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य से बेमिसाल राज्य बना दिया है। प्रदेश का बजट 23 हजार करोड़ से बढ़कर 3 लाख करोड़ हो गया है। अजा, अजजा एवं पिछडा वर्ग का बजट भी 1 हजार करोड़ से 64 हजार करोड़ तक पहुंचा है। प्रति व्यक्ति आय 700 रूपए से बढ़कर 1 लाख 40 हजार रूपए हो गई है, जो सिर्फ भाजपा ही कर सकती थी। मध्यप्रदेश मे फिर से भाजपा की सरकार बनाए और राज्य को विकसित एवं समृद्ध प्रदेश बनाने के संकल्प को पूरा करें। दिनेश राय मुनमुन ने आगे कहा कि 18 वर्षो मे मध्यप्रदेश की पूरी तस्वीर बदल गई है। इस दौरान 5 लाख किलो.मीटर की सड़के बनी है और विकास के चौतरफा कार्य हुए है। पहले प्रदेश मे 64 लाख यात्री आते थे और अब 9 करोड़ यात्री आ रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के सुशासन और जनसेवा के मंत्र पर कार्य करते हुए भाजपा जिस कार्य का शिलान्यास करती है, उसका लोकार्पण भी वही करती है।उन्होंने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास चाहती है और इसी बात को ध्यान मे रखते हुए हर परिवार के लिए केन्द्र एवं राज्य की योजनाएं बनी है। राष्ट्रहित मे भाजपा की पुनः सरकार बनना जरूरी है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।

जबरन नॉलेज

जादू तो कुछ छुपे रूस्तम भी कर रहे है काका
हा हा हा ....

इंडियन आर्मी वाहन को डंपर ने मारी टक्कर

आर्मी के वाहन में सवार एक जवान की हुई मौत

छपारा यशोः- राष्ट्रीय राजमार्ग 44 के रणधीर नगर गांव के पास फोर लाइन सड़क को वनवे कर दिया गया है इस वैन में सड़क में एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है जिसमें जबलपुर की ओर से आ रहे आर्मी वाहन को एक तेजर तार डंपर वाहन ने टक्कर मार दिया जिसमें सवार एक आर्मी जवान की मौत हो गई. छपारा पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया है कि आर्मी वाहन जबलपुर से बेंगलुरु जा रहा था जिसमें सवार 6 जवान सवार थे जिसमें दो लोग घायल हो गए थे. जिन्हें सिवनी जिला अस्पताल रेफर किया गया था जहां आर्मी जवान पोपट खोट लांस हवलदार की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई. वहीं बलवीर सिंह पंजाब के निवासी इस घटना में घायल है चार लोगों को मामूली चोट आई है. छपारा पुलिस ने कायम कर जांच शुरू कर दी है टक्कर मारने वाले डंपर वाहन को छपारा पुलिस ने जप्त कर लिया है और ड्राइवर को भी हिरासत में ले लिया है. घटना के सभी पहलओं की जांच जारी है

बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने किया मतदान, वोट लेने घर पहुंचे पीठासीन अधिकारी

भारत निर्वाचन
ELECTION COMMISSION

भोपाल। बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं का मत लेने के लिए पीठासीन अधिकारी घर पहुंच रहे हैं। चुनाव आयोग ने 80 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के लिए इस बार घर से ही मतदान करने की सुविधा दी है। ऐसे में बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग घर से ही किया। उन्होंने आयोग की इस नई सुविधा का लाभ लेते हुए अपने घर पर भी रहकर वोटिंग की। भोपाल की 7 विधान सभा सीट के लिए भी बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं की वोटिंग मंगलवार से शुरू हो गई है। सुरक्षा इंतजाम के बीच मतदान दल बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के घर पहुंचकर मतदान करवाया गया।

तीन दिन चलेगी होम वोटिंग

वोट फॉर होम की प्रक्रिया तीन दिन तक चलेगी। 9 नवंबर तक होम वोटिंग करवाई जायेगी। भोपाल की सभी 7 विधानसभाओं में 80+ उम्र के कुल करीब 27089 मतदाता हैं। जबकि दिव्यांग वोटर्स की संख्या 15 हजार 747 है। इस दौरान हर मतदाता की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। सुबह 9 से शाम 5 बजे तक कर मतदान किया जा सकता है।

सुविधा अनुसार टाइम

इस पूरी प्रक्रिया में पोस्टल वैलेट से मतदान करवाया जा रहा है। आयोग की ओर से यह प्रयास किए जा रहे हैं कि किसी भी बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता को असुविधा न हो इसके लिए उनकी सुविधा अनुसार ही वोटिंग का समय तय किया जा रहा है।

बीएलओ से करें संपर्क

बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के लिए चुनाव आयोग ने घर से मतदान की पहल की है। अगर आप भी इस सुविधा का लाभ लेना चाहते हैं तो इसलिए लिए अपने एरिया के बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए फॉर्म 12 ष्ठ भरना आवश्यक होता है। बुजुर्ग मतदाता की उम्र 80 प्लस होनी चाहिए।

पार्टी के एजेंट भी मौजूद

मतदान दल निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए राजनीतिक पार्टियों के एजेंट को भी सूचित कर रहा है। बुजुर्ग या दिव्यांग का मत लेते समय राजनीतिक दल के एजेंट भी वहां मौजूद रहते हैं। इसके साथ राजनीतिक दल भी जोन वोटिंग की इस प्रक्रिया पर अपनी पूरी नजर बनाए हुए हैं।

रामराज्य से प्रेरित, देश के आर्थिक विकास का प्रयास

बलबीर पुंज-

देश में त्योहारों का माहौल है। शारदीय नवरात्र, दशहरा और करवाचौथ के बाद धनतेरस, दीपावली, गौवर्धन-पूजन और भाईदूज का पर्व आएगा। सभी पाठकों को इन सबकी अग्रिम बधाई। हमारे तीज-त्योहारों की सुंदरता इसी बात में है कि ये जीवन के सर्वांगों को स्पर्श करती है। दीपावली पर लोग लक्ष्मी-पूजन करते है। किसी भी सुखी समाज में लक्ष्मी अर्थात् 'अर्थ' का बहुत महत्व होता है। चूंकि हम सभी भारत के अंग है, इसलिए हम देश में घटित प्रत्येक घटनाओं से प्रभावित होते है। जब पूरी दुनिया विगत चार वर्षों से कई प्रकार की चुनौतियों जैसे कोविड-19 के दुष्प्रभाव, मंदी, महंगाई और युद्ध आदि से त्रस्त है, तब भारतीय आर्थिकी इन कठिनाइयों से सफलतापूर्वक लोहा लेते हुए गतिशील बनी हुई है।

जिन पाठकों का जन्म 1947 या उसके एक-डेढ़ दशक बाद हुआ है, वे उस भयावह दौर से परिचित होंगे, जिसमें चीनी, दूध, वनस्पति आदि जैसे दैनिक खाद्य-वस्तुओं को खरीदने के लिए लोगों की लंबी-लंबी पंक्तियां लगती थी, तो सीमेंट, टेलीफोन, वाहन, स्टील इत्यादि बुकिंग के कई वर्षों बाद प्राप्त होते थे। इन सबकी कालाबाजारी तब सामान्य बात थी। आज की युवा पीढ़ी इस कुव्यवस्था से शत-प्रतिशत अनभिज्ञ है। सोचिए, आज भारत अभावों से युक्त अर्थव्यवस्था से एक संपन्न आर्थिकी में परिवर्तित हो रहा है। यह बड़ा परिवर्तन इतनी सरलता से हो गया कि किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी।

बीते एक दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था बहुत तेजी से दौड़ी है। पाठक इसका अनुमान इस बात से लगा सकते है कि स्वतंत्र भारत को 1 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में 60 वर्ष (1947-2007) लगे थे। फिर उसमें दूसरा लाख करोड़ डॉलर जुड़ने में सात वर्ष (2007-14) का समय लगा और 2014 से वर्तमान वित्तवर्ष में हम 4 लाख करोड़ डॉलर की आर्थिकी बनने के मुहाने पर खड़े है। अर्थात्– 16 वर्षों में चार गुना की वृद्धि। इसी कारण भारतीय आर्थिकी, जो 2014 में दसवें पायदान पर थी, वह आज ब्रिटेन को पछाड़कर पांचवे क्रमांक पर पहुंच गई है। आशा की जा रही है कि वर्ष 2030 तक भारत, अमेरिका और चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

आगामी दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'विजन इंडियाञ्च1947' नामक दृष्टिपत्र जारी किए जाने की संभावना है। नीति आयोग के अनुसार, भारत 2030 तक 6.69 लाख करोड़ डॉलर, 2040 तक 16.13 लाख करोड़ डॉलर और 2047 तक 29.02 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है। यह लक्ष्य चुनौतीपूर्ण अवश्य है, परंतु असंभव नहीं। इसका कारण देश की आर्थिक प्रगति को परिलक्षित करते कई प्रतिष्ठित और प्रामाणिक वैश्विक संगठनों के अनुमान भी है। 'एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस' द्वारा जारी नवीनतम आंकड़े के अनुसार भी भारत वर्ष 2030 तक जापान को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है।

अप्रैल-जून तिमाही में भारत की विकास दर 7.8 प्रतिशत थी। इस वृद्धि का कारण बीते एक दशक में औपचारिक स्वरूप लेती अर्थव्यवस्था, मांग में आती मजबूती, बुनियादी ढांचे में भारी निवेश, सेवा निर्यात में सतत बढ़ोतरी, सेवा क्षेत्र की संपन्नता, सकारात्मक उपभोक्ता और व्यावसायिक विकास का समर्थन है। विश्व बैंक द्वारा 3 अक्टूबर को जारी रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक चुनौतियों के बाद भी भारत लगातार लचीलापन दिखा रहा है और उसकी विकास दर जी-20 देशों के बीच दूसरे स्थान पर है।

नीति आयोग के अनुसार, यदि भारत को 2047 तक विकसित देश बनना है, तो देश को 2030 से वार्षिक रूप से 9 प्रतिशत की गति से बढ़ना होगा। निसंदेह, देश में गरीबी तेजी से घट रही है। गत वर्ष आईएमएफ और विश्व बैंक अपनी-अपनी रिपोर्ट में यह स्पष्ट भी कर चुके है। बात यदि मध्यमवर्ग की करें, तो इसकी सीमा और आकार भी बढ़ा रहा है। आयकर विभाग द्वारा जारी हालिया आंकड़े के अनुसार, व्यक्तिगत करदाताओं द्वारा दाखिल आयकर में 2013-14 और 2021-22 के बीच 90 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। चालू वित्त वर्ष के दौरान भी आकलन वर्ष 2023-24 के लिए अब तक 7.41 करोड़ रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं, जिनमें 53 लाख नए करदाता हैं। बात केवल यही तक सीमित नहीं। 100 करोड़ रुपये या उससे अधिक की कमाई करने वाले करदाताओ की संख्या भी दोगुनी हो गई है। आकलन वर्ष 2021-22 (वित्त वर्ष 2020-21) में 500 करोड़ रुपये से अधिक की सकल कुल आय के साथ 589 करदाताओं ने रिटर्न भरा है।

वेतन आय अर्जित करने वालों के आयकर के विश्लेषण से यह भी पता चलता है कि नौ साल की अवधि में प्रति वर्ष साढ़े पांच लाख से 25 लाख रुपये के बीच कमाने वालों में 20 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि हुई है। %पीपल रिसर्च ऑन इंडियाज कंज्यूमर इकोनॉमी% नामक शोध संस्था ने मध्यमवर्ग को उन लोगों तक सीमित किया है, जिनकी वार्षिक आय पांच लाख से 30 लाख रुपये वार्षिक के बीच है। इस आकलन में यदि वेतन, व्यवसाय और पेशे, गृह संपत्ति, पूंजीगत लाभ और अन्य आय को शामिल कर दिया जाए, तो इसका आकार और अधिक बढ़ जाएगा।

देश का एक विकृत वाम-उदारवादी वर्ग अक्सर असमानता का ढपली पीटता है। अर्थशास्त्र में विश्व बैंक द्वारा प्रदत्त 'गिनी सूचकांक' किसी भी देश में आय असमानता को मापने का एक माध्यम है। इसमें सामान्यतः 40 से नीचे की गिनी को असमानता का स्वीकार्य स्तर माना जाता है। भारत, जापान, चीन, अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी में गिनी का स्तर 30-40 के बीच है। स्पष्ट है कि भारत का वर्तमान विकास, सभी वर्गों को लाभांवित कर रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 2024 तक करोड़ों भारतीय अपनी विदेश यात्रा पर 42 बिलियन डॉलर से अधिक खर्च करने को तैयार हैं। यह कोई संयोग नहीं कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी मूल सनातन सांस्कृतिक जड़ों से स्वयं को पुनः जोड़ रहा है, तब देश के समेकित विकास को गति मिल रही है। दशकों पहले एंगस-बैरॉच के प्रामाणिक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक अध्ययन भी इसी अकाट्य सच को अन्य शब्दों में व्यक्त कर चुके है।

10 नवंबर को धनतेरस, शुभ योग में खरीदारी का मुहूर्त, महत्व और पूजा विधि

धनतेरस का त्योहार 5 दिनों तक चलने वाले दिवाली का पहला दिन होता है। हिंदू धर्म में धनतेरस का विशेष महत्व होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार धनतेरस के ही दिन भगवान विष्णु के अंशावतार और देवताओं के वैद्य माने जाने वाले भगवान धन्वन्तरि का जन्म हुआ था। हिंदू पंचांग के अनुसार कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर धनतेरस का पर्व मनाया जाता है। धनतेरस से दिवाली पर्व की शुरुआत हो जाती है। दिवाली पर पांच दिनों तक चलने वाले पर्व में सबसे पहले धनतेरस, दूसरे दिन नरक चतुर्दशी, तीसरे दिन दिवाली, चौथे दिन गोवर्धन पूजा और पांचवें दिन भैया दूज का त्योहार मनाया जाता है। धनतेरस को साल भर में पड़ने वाले सभी श्रेष्ठ मुहूर्तों में से एक माना जाता है। धनतेरस पर शुभ कार्य करने और शुभ खरीदारी करना बहुत ही शुभ माना जाता है। धनतेरस पर सोने -चांदी के आभूषण और बर्तन खरीदने की परंपरा होती है। इसके अलावा धनतेरस पर कार, बाइक, जमीन-जायदाद और कपड़े की खरीदारी करना शुभ माना जाता है।

धनतेरस शुभ तिथि

वैदिक पंचांग के मुताबिक हर साल कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर धनतेरस का त्योहार मनाया जाता है। इस वर्ष कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि 10 नवंबर को दोपहर 12 बजकर 35 मिनट से आरंभ हो जाएगी। इस त्रयोदशी तिथि का समापन 11 नवंबर को दोपहर 01 बजकर 57 मिनट पर होगा। उदया तिथि के आधार पर धनतेरस का पर्व 10 नवंबर, शुक्रवार को प्रदोषकाल में मनाया जाएगा।

धनतेरस लक्ष्मी पूजा मुहूर्त

धनतेरस का त्योहार दिवाली से पहले मनाया जाता है। यह 5 दिनों तक चलने वाले दीपोत्सव का पहला दिन होता है। धनतेरस पर भगवान गणेश, मां लक्ष्मी और कुबेर देवता की पूजा करने का विधान होता है। धनतेरस पर यम देवता की पूजा और घर के दक्षिण दिशा में दीपक जलाया जाता है। धनतेरस पर लक्ष्मी पूजा का शुभ मुहूर्त 10 नवंबर, शुक्रवार को शाम 05 बजकर 47 मिनट प्रारंभ हो जाएगा जो शाम 07 बजकर 47 मिनट तक रहेगा।

धनतेरस प्रदोष काल और वृषभ काल का मुहूर्त

धनतेरस पर प्रदोष काल में लक्ष्मी पूजा का विशेष महत्व होता है। हिंदू पंचांग की गणना के मुताबिक 10 नवंबर को शाम 05 बजकर 30 मिन्ट से प्रदोष काल आरंभ हो जाता है। आपको बता दें कि सूर्यास्त होने के बाद समय प्रदोष काल कहलाया जाता है। 10 नवंबर को प्रदोष काल रात 08 बजकर 08 मिनट तक रहेगा। वहीं वृषभ काल की बात करें तो शाम 05 बजकर 47 मिनट से शाम 07 बजकर 43 मिनट तक रहेगा।

धनतेरस पर दुर्लभ संयोग

इस बार धनतेरस पर बहुत ही दुर्लभ संयोग बन रहा है जिस कारण से धनतेरस का त्योहार काफी खास हो जाता है। वैदिक ज्योतिष शास्त्र की गणना के मुताबिक धनतेरस पर चंद्रमा कन्या राशि में होंगे जहां पर पहले से सुख, समृद्धि और भौतिक सुख प्रदान करने वाले ग्रह शुक्र देव विराजमान है। इस तरह से धनतेरस पर कलात्मक नाम का योग बन रहा है। इसके अलावा 10 नवंबर को धनतेरस पर शुभकर्तरी, वरिष्ठ, सरल, सुमुख और अमृत योग बन रहा है। ऐसे में धनतेरस पर खरीदारी करना बहुत ही शुभ रहेगा।

धनतेरस पर सोना-चांदी खरीदने का शुभ मुहूर्त

धनतेरस पर बर्तन और सोने-चांदी के आभूषण की खरीदारी करना बहुत ही शुभ माना जाता है। वैदिक पंचांग की गणना के मुताबिक धनतेरस पर बर्तन और सोने-चांदी के अलावा वाहन, जमीन-जायदाद के सौदे, लग्जरी चीजें और घर में काम आने वाले अन्य दूसरी चीजों की खरीदारी करना शुभ माना जाता है। धनतेरस पर शुभ मुहूर्त में खरीदारी करना अच्छा माना जाता है। 10 नवंबर को दोपहर 12 बजकर 35 मिनट से लेकर अगले दिन यानी 11 नवंबर की सुबह तक खरीदारी करने का शुभ मुहूर्त है।

धनतेरस का महत्व

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर समुद्र मंथन के दौरान अपने हाथों में अमृत कलश लेकर भगवान धन्वंतरि प्रकट हुए थे। भगवान धन्वंतरि को भगवान विष्णु का अंशावतार माना जाता है। इसके अलावा भगवान धन्वंतरि को आयुर्वेद चिकिस्सा पद्धति का जनक भी माना जाता है। धनतेरस के त्योहार को धन त्रयोदशी और धन्वंतरि जयंती के नाम से भी जाना जाता है। भगवान धन्वंतरि आयुर्वेद के देवता हैं और धन त्रयोदशी पर भगवान धन्वंतरि की पूजा करने पर आरोग्यता मिलती है। इसके अलावा धनतेरस के दिन खरीदारी करने पर आगे चलकर इसमें 13 गुने की वृद्धि होती है। धनतेरस पर भगवान धन्वंतरि की पूजा में गाय के घी से दीपक जलाएं। फिर पूजा सामग्री में औषधियां चढ़ाएं।

धनतेरस पर सोना-चांदी और बर्तन क्यों खरीदें जाते हैं?

शुक्रवार, 10 नवंबर 2023 धनतेरस है और इस दिन से दीपावली की शुरुआत हो जाती है। धनतेरस पर ही भगवान धन्वंतरि समुद्र मंथन में अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। इस कारण से धनतेरस पर बर्तन और सोने-चांदी के सिक्के और आभूषण खरीदने की परंपरा है। भगवान धन्वंतरि को देवताओं के वैध और आयुर्वेद का जनक माना जाता है। धनतेरस पर सोने-चांदी के सिक्के, गहने और बर्तन के आदि की खरीदारी करना शुभ माना जाता है। इसके अलावा धनतेरस पर भगवान कुबेर और माता लक्ष्मी की पूजा ओर मंत्रोचार किया जाता है।

100 मिनट के अंदर सभी 7 हजार 673 शिकायतों का हुआ त्वरित निराकरण

भोपाल । मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 में आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की अब तक 7 हजार 673 शिकायतें प्राप्त हुई है। ये सभी शिकायतें सी-विजिल ऐप के माध्यम से मिली है और इन सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि प्रदेश में विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए 9 अक्टूबर से आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हुई है। आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की जानकारी त्वरित मिल सके, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजिल ऐप तैयार किया गया है। यह ऐप आदर्श आचरण संहिता के लागू होते ही सक्रिय है।

नरसिंहपुर में रायसेन के कांग्रेस प्रत्याशी के भाजपाई भाई से 50 लाख रुपये जब्त

भोपाल। मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले में चुनावी चेकिंग के दौरान उदयपुर-बरेली विधानसभा से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी देवेंद्र पटेल के भाई एवं भाजपा नेता श्रवण पटेल के पास से 50 लाख रुपए नगद जप्त किए गए हैं। नोटों की बंडल उनकी स्कॉर्पियो कार में रखे हुए थे, जिसे श्रवण पटेल स्वयं चला रहे थे।

जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अंतर्गत जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि सोमवार 6 नवबर को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 120- तेंदूखेड़ा के अंतर्गत आने वाले सुआतला थाना अंतर्गत मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर एफएसटी 3 एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने नेशनल हाईवे 44 पर सिद्धी विनायक ढाबे के पास काले रंग की स्कार्पियों क्रमांक स्क्क04ँश्व 9962 के वाहन चालक बरेली जिला रायसेन के श्रवण पटैल जो नरसिंहपुर से रायसेन की ओर जा रहा था, की जांच के दौरान 50 लाख रुपये नगद जब्त किये। वाहन चालक द्वारा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर टीम ने 50 लाख रुपये जब्त कर जांच में लिया।

पकड़ी गई स्कार्पियों का नंबर फर्जी है

जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से बताया गया है कि कांग्रेस प्रत्याशी के भाजपाई भाई श्रवण पटेल की स्कॉर्पियो कार क्रमांक एमपी04 जेड्ई 9962 से 50 लाख रुपए जप्त किए गए हैं। हमने जब मध्य प्रदेश ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट की द्गस्द्ग2डु पर जाकर चेक किया तो पता चला कि MP04ZE9962 इस नंबर की कोई कार रजिस्टर्ड नहीं है। यह नंबर फर्जी है।

कलेक्टर एसपी की स्पेशल टीम ने की कार्रवाई

नरसिंहपुर जिले में विधानसभा निर्वाचन- 2023 के मद्देनजर स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋजु बाफना एवं पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार के निर्देशन में जिले में गठित एफएसटी एवं एसएसटी टीम द्वारा लगातार चेक पोस्ट पर वाहनों की मुस्तेदी के साथ चैकिंग की जा रही है। इस दौरान एफएसटी प्रभारी श्री गौरव बानखेडे, श्री संतोष कुमार, आरक्षक श्री सोनू सतारे, श्री सोहन पटेल एवं श्री संतोष पटेल मौजूद थे।

परंपरा की रोशनी से जगमग होगी बाबा महाकाल की दीपावली, 10 नवंबर से शुरू होंगे त्यौहार

उज्जैन। विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में 12 नवंबर 2023 को दीपावली पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। तड़के 4 बजे भस्म आरती मे पुजारी भगवान को केसर, चंदन का उबटन लगाकर गर्म जल से स्नान कराएंगे। पश्चात सोने, चांदी के आभूषण से विशेष श्रृंगार किया जाएगा। भगवान को अन्नकूट का महाभोग लगाकर फुलझड़ी से आरती की जाएगी। सुबह 7.30 बजे बालभोग आरती में भी भगवान को अन्नकूट का भोग लगाया जाएगा।

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक संदीप कुमार सोनी ने बताया महाकाल मे दीप पर्व का आरंभ 10 अक्टूबर को धनत्रयोदशी से होगा। इस दिन मंदिर के पुरोहित परिवार द्वारा सुबह भगवान का अभिषेक पूजन किया जाएगा। देश में सुख समृद्धि की कामना से चांदी का सिक्का रखकर पूजा अर्चना की जाएगी। मंदिर प्रबंध समिति द्वारा संचालित चिकित्सालय में भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना की जाएगी। 12 नवंबर को दीपावली मनाई जाएगी। मंदिर की पूजन परंपरा में इस दिन से अधिक सर्दी की शुरुआत मानी जाती है। इसलिए भगवान महाकाल को गर्म जल से स्नान कराने का क्रम शुरू होता है, जो फाल्गुन पूर्णिमा तक चलता है।

गर्म जल से शुरू होगा बाबा महाकाल का स्नान

भस्म आरती में पुजारी केसर, चंदन का उबटन लगाकर भगवान को गर्म जल से स्नान कराएंगे। सोने चांदी के आभूषण से आकर्षक श्रृंगार कर नए वस्त्र धारण कराए जाएंगे। पश्चात अन्नकूट का महाभोग लगाकर फुलझड़ी से आरती की जाएगी। शाम को दीपोत्सव अंतर्गत समृद्धि के दीप जलाए जाएंगे।

एक दिन पहले मनाए जाते हैं हिंदू धर्म के सभी प्रमुख त्योहार

महाकाल मंदिर के पुजारी पं. महेश गुरु ने बताया कि महाकाल मंदिर में परंपरा अनुसार हिंदू धर्म के सभी प्रमुख त्योहार एक दिन पहले मनाए जाते हैं। मान्यता है कि भगवान महाकाल अवंतिका के राजा हैं, इसलिए त्योहार की शुरुआत राजा के आंगन से होती है। इसके बाद प्रजा उत्सव मनाती है। अनादिकाल से चली आ रही इस परंपरा के अनुसार इस बार भी 12 नवंबर को दीपावली मनाई जाएगी। इस दिन से सर्दी की शुरुआत भी मानी जाती है, इसलिए भगवान महाकाल को गर्म जल से स्नान कराने का सिलसिला भी शुरू हो जाएगा, जो फाल्गुन पूर्णिमा तक चलेगा।

चार दिवसीय दीपपर्व में यह रहेगा खास

धनतेरस - इस दिन पुरोहित समिति की ओर से विशेष पूजा होगी। धनतेरस से चार दिवसीय दीपपर्व का आगाज होगा। इस दिन पुरोहित समिति द्वारा देश में सुख, समृद्धि व अरोग्याता की कामना से भगवान महाकाल का अभिषेक-पूजन किया जाएगा। पुरोहित समिति के अध्यक्ष पं. महेश गुरु ने बताया कि भगवान को सुख-समृद्धि के लिए चांदी का सिक्का अर्पित कर पूजा-अर्चना की जाएगी।

रूप चतुर्दशी - 11 नवंबर को रूप चतुर्दशी पर पुजारी परिवार की महिलाएं भगवान को केसर चंदन का उबटन लगाएंगी। पुजारी भगवान को गर्म जल से स्नान कराएंगे। कर्पूर से आरती होगी। साल में एक दिन रूप चतुर्दशी पर पुजारी परिवार की महिलाएं भगवान का रूप निखारने के लिए उबटन लगाकर कर्पूर आरती करती हैं स्नान के बाद महाकाल को नए वस्त्र, सोने चांदी के आभूषण धारण कराकर आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। इसके बाद अन्नकूट भोग लगाकर फुलझड़ी से आरती की जाएगी।

दीपावली - 12 नवंबर को दीपावली पर तड़के चार बजे भस्मारती से रात 10.30 बजे शयन आरती तक नियमित पांच आरतियों में फुलझड़ी चलाई जाएगी। भगवान का विशेष श्रृंगार किया जाएगा।

गोवर्धन पूजा - 13 नंवबर कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा पर मंदिर के मुख्य द्वार पर पुजारी परिवार की महिलाएं गोबर से गोवर्धन बनाकर पूजा-अर्चना करेगी। इसके बाद चिंतामन स्थित मंदिर की गोशाला में गोवंश की पूजा-अर्चना की जाएगी।

आयुष विभाग द्वारा विद्यार्थियों को दी गई आहार-विहार की जानकारी

सिवनी यशोः- 10 नवंबर 2023 को 8 वां राष्ट्रीय आयुर्वेदिक दिवस मनाए जाने के परिपेक्ष्य में जिला आयुष अधिकारी सिवनी डॉ.यशवंत माथुर के मार्गदर्शन में वर्ष 2023 की हेतु ÷हर दिन हर किसी के लिए आयुर्वेद÷ थीम अंतर्गत आयुष विभाग द्वारा मंगलवार 7 नवंबर को ॥ड्डष्ट मारबोड़ी स्टॉफ द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला छिंदग्वार के विद्यार्थियों को आयुर्वेद जागरूकता व्याख्यान के माध्यम से दिनचर्या, ऋतुचर्या, योग व आयुष आहार-विहार की जानकारी दी गई।

अनेकों एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ली

छपारा यशोः-भारतीय जनता पार्टी की योजनाओं और रीति नीति से प्रभावित होकर 6 नवंबर को अनेक एन एस यू आई के छात्रों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में पहुंचकर युवाओं ने सदस्य लिया है । कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद खान मंडल अध्यक्ष पंकज जोलदेव पूर्व युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष ठाकुर नवनीत सिंह पंडित नीरज दुबे स्वर्णिम साहू जित्तू ठाकुर अंनस खान भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

नई दिल्ली में आयोजित हुए वर्ल्ड फूड इंडिया 2023 में जिले के सुंगधित जीराशंकर चावल ने बनाई अपनी विशिष्ट पहचान

सिवनी यशोः- उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि नई दिल्ली के प्रगति मैदान में 03 नवम्बर से 5 नवम्बर 2023 तक चलने वाले वर्ल्ड फूड इंडिया 2023 कार्यक्रम में कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश द फूड बास्केट के तहत स्वाद, गुणवत्ता और विशिष्ट गुण से युक्त सिवनी जिले के सुंगधित जीराशंकर चांवल, सिवनी जम्बो सीताफल एवं कृषक उत्पादक संगठन सरेखा एग्री प्रोड्यूसर कम्पनी धपारा गंगेरूआ द्वारा तैयार अलसी तेल का प्रदर्शन किया गया।

उक्त मेले में आने वाले लोगों द्वारा सिवनी जिले के उत्पाद सुंगधित जीराशंकर चावल, सीताफल एवं अलसी तेल के बारे में जानकारी ली गई एवं विशेष रूप से सिवनी जीराशंकर चावल के प्रति दिल्ली वासियों ने अच्छी खासी दिलचस्पी दिखाई। मध्यप्रदेश के स्टॉल में सिवनी जिले के साथ साथ जबलपुर, मण्डला, बालाघाट, नरसिंहपुर, कटनी, छिन्दवाड़ा एवं डिंडौरी जिले के उत्पादों का भी प्रदर्शन किया गया। स्टॉल में आने वाले आगन्तुओं के द्वारा सिवनी जीराशंकर चावल की खासियत उसकी उपयोगिता मध्यंप्रदेश में रकबा एवं इससे जुडे कृषक उत्पादक संगठनों के बारे में जानकारी ली। जिले के स्टॉल का प्रतिनिधित्व कर रहे राष्ट्रीय खाद सुरक्षा मिशन योजना के तकनीकि सहायक डॉ अखिलेश कुल्हाडे ने आगन्तुकों को जिले के उक्त उत्पादों की जानकारी दी गई।

ससुराल से लाखों के सोने चांदी के जेवर चोरी करने वाला दमन गिरफ्तार

छपारा यशोः- ससुराल से लाखों के सोने चांदी के जेवराज चोरी करने वाले एक दामाद को पुलिस ने गिरफ्तार किया है यह पूरा मामला छपरा थाना क्षेत्र के खैर नारा गांव का बताया जा रहा है बताया जाता है कि प्रार्थी लौंगवती बाई पति स्वर्गीय विजय कुमार मरावी ने छपारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि घर में ताला लगाकर वह 4 नवंबर को सीताफल बेचने छपारा गई थी जो दोपहर करीब 1¬30 बजे घर में जाकर देखी तो घर का ताला टूटा हुआ मिला था घर के अंदर रखे सोने चांदी के जेवरात जिनकी कीमत करीब तीन लाख रुपए यह रिपोर्ट लोंगवती ने छपारा थाना में पहुंचकर दर्ज कराई थी. जिस पर पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार के निर्देशों पर थाना प्रभारी सौरभ पटेल ने एक जांच टीम गठित कर चोरी की वारदात की जांच शुरू की जिसमें छपारा पुलिस ने प्रार्थी लोंगवती बाई के दामाद राजेश कमरे को हिरासत में लेकर पूछताछ की जिसने इस चोरी की वारदात का जुर्म को कुबूला है जिसके पास से करीब डेढ़ किलो चांदी और सोने चांदी के आभूषण जप किए गए हैं. जिसकी कीमत तीन लाख रुपए बताई जा रही है. आरोपी राजेश कुमार 27 साल ढोलबाजा ग्राम का निवासी है खैरनरा में अपने ससुराल में ही वह रहा करता था. जिसने इस पूरी चोरी की वारदात को अंजाम दिया था. इस कार्यवाही के दौरान थाना प्रभारी सौरभ पटेल, एएसआई भुजबल प्रजापति मंगलदास गोनकर प्रधान आरक्षक जयसिंह बघेल अनीता बघेल मिलन मरावी पुलिस स्टाफ की सराहना भूमि का रही

रजनीश सिंह का सघन जनसंपर्क जारी

छपारा यशोः-छपारा 07 नवम्बर 2023 को केवलारी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह के निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार धनौरा ब्लॉक के अन्तर्गत ग्राम धनौरा,देवरी टीका,खैरी, रैपुरा, सुनवारा, नोनिया/जटलापुर,बाम्हनवाडा, चरगांव का दौरा किया।क्षेत्रीय दौरा कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय जनो से मेल मुलाक़ात कर आर्शीवाद प्राप्त किया एवं ग्रामीण जनों से मुलाकात कर समस्याओं को जाना एवं कांग्रेस पार्टी की रीति नीति एवं विचारधारा से जन जन को अवगत कराया।

दौरा कार्यक्रम पर साथ ही जिला कांग्रेस/ब्लॉक कांग्रेस/मंडलम/सेक्टर/बूथ कांग्रेस कमेटी,बी.एल.ए.,युवक कांग्रेस,महिला कांग्रेस, ह्स्द्ध,तथा सभी प्रकोष्ठ एवं विभागों के पदाधिकारी/कार्यकर्ताओं/वर्तमान व पूर्व जनप्रतिनिधियों एवं सभी कार्यकर्ताओं एवं समस्त कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही।

समाज के प्रत्येक वर्ग के मतदाता को मतदान के लिए किया जा रहा प्रोत्साहित

सिवनी यशोः- लोकतंत्र का महापर्व विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले में सभी वर्ग के मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए आगामी 17 नवम्बर को अधिकतम मतदान सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल एवं सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप प्रभारी श्री नवजीवन विजय के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता गतिविधि लगातार जारी है। शासकीय विभागों एवं वोटर अवेयनेस ग्रुप द्वारा विविध गतिवधियों का आयोजन कर महिला, पुरूष, बुजुर्ग मतदाता सहित युवा एवं नवमतदाताओं को जोड़ा जा रहा है।

इसी क्रम में मतदाता जागरूकता गतिविधि अंतर्गत आबकारी विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से शासकीय महाविद्यालय बरघाट में नवमतदाता छात्र-छात्राओं को बिना प्रलोभन तथा दबाव के मतदान करने की शपथ दिलाई गई, इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टॉफ की भी सहभागिता रही। इसी तरह सिवनी मुख्यालय के हृदयस्थल गांधी भवन चौक में नवमतदाताओं द्वारा %%मेरा मत मेरा अधिकार%% स्लोगन रंगोली बनाकर नगरवासियों से लोकतंत्र के महापर्व में सहभागी बनते हुए आगामी मतदान दिवस 17 नवंबर को मतदान करने की अपील की गई। इसी तरह दलसागर चौपाटी में एयर बलून के माध्यम से जगरूकता गतिविधि की जा रही है। मतदाता जागरूकता गतिविधि के क्रम में अवेयरनेस ग्रुप द्वारा बुजुर्ग मतदाताओं को तिलक लगाकर मतदान करने हेतु आमंत्रित कर उनकी सुविधा के लिए मतदान केन्द्रों में की गई व्यवस्थाओं से अवगत कराया जा रहा है।

ट्रक युनियन ने कांग्रेस के समर्थन में आयोजित की बैठक

सिवनी यशोः-सिवनी विधानसभा के कांग्रेस युवा प्रत्याशी आनंद पंजवानी के समर्थन में ट्रक एवं ट्रांसपोर्ट यूनियन द्वारा एक बैठक आयोजित की गई बैठक में विधान सभा चुनाव में कॉग्रेस प्रत्याशी आनंद पंजवानी को पूर्ण समर्थन देने की बात एक मतेन की। ट्रक ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्ष एजाज खान ने कहा की नाराजगी इस बात को लेकर है कि सिवनी में ट्रांसपोर्ट व्यवसाय वर्षो से रहा है उनकी अनेक समस्याएॅ रही है किन्तु समस्या को हल करने में ट्रांसपोर्ट यूनियन की सुध लेने में सिवनी विधायक नही आये, चाहे वह बार्डर पर वसूली का मामला हो, आमागढ़, घंसौर में बनाई गई अवैध वसूली की परिवाहन चैकी हो, पुलिस द्वारा कभी ओवर लोड़ के नाम पर, कभी नोएन्ट्री के नाम पर वसूली हो। सिवनी के चारो तरह टोल नाके का निर्माण डीजल, पेट्रोल, बीमा, बीमे की राशि, रजिस्ट्रेशन की बढ़ती हुई दरे, इस पर भाजपा के सांसद, विधायक ने कभी भी ध्यान नही दिया। सेलुआ टोल पर यूनियन द्वारा आंदोलन करने पर कांग्रेस के लोग भी साथ आये थे, इस लिए ट्रक एवं ट्रासपोर्ट यूनियन अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए कॉग्रेस के युवा प्रत्याशी आनंद पंजवानी का पूर्ण समर्थन करेंगे। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना, कांग्रेस प्रत्याशी आनंद पंजवानी, जिला संगठनमंत्री एड. पंकज शर्मा, असलम खान, इमरान पटेल, सोहेल पाशा, पंकज बाउसकर, राजेश मानाठाकुर, ट्रांसपोर्ट यूनियन से प्यारे खान, दीनानाथ डेहरिया, संतोष बघेल, राजू बघेल, इमरान, शेटू भाई, आदिल बाबू और बडी संख्या में यूनियन के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी होंगे पुरस्कृत

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा किया जा रहा नवाचार

भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए प्रदेश में 17 नवंबर को मतदान होगा। प्रदेश में इस बार मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी और बूथ लेवल अधिकारी को नकद राशि और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। यह नवाचार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय भोपाल द्वारा किया जा रहा है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि निर्वाचन कार्य में बीएलओ की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रदेश के सभी 230 विधानसभा क्षेत्रों में से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत वाले शीर्ष 3-3 बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) को सम्मानित किया जाएगा। इस तरह से प्रदेश के 690 बीएलओ को पुरस्कार के रूप में 5-5 हजार रुपये की नकद राशि व प्रशस्ति पत्र भेंट की जाएगी।

इसी प्रकार स्वीप गतिविधियों के माध्यम से जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और निर्वाचन प्रक्रिया में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 230 विधानसभा क्षेत्रों में से शीर्ष-3 विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारियों को 1-1 लाख रुपये और शीर्ष -3 कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी और जिला नोडल अधिकारी (स्वीप) को संबंधित विधानसभा क्षेत्र एवं जिले में स्वीप गतिविधियों के लिए 5-5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि और प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया जाएगा।

चयनित अधिकारियों-कर्मचारियों को यह पुरस्कार 25 जनवरी 2024 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रदेश के राज्यपाल द्वारा भव्य और गरिमामय सम्मान समारोह में दिया जाएगा।

एक लाख 60 हजार से अधिक लोगों पर हुई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन-2023 की आदर्श आचरण संहिता 9 अक्टूबर से पूरे प्रदेश में प्रभावशील है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि पुलिस द्वारा शस्त्र लाइसेंस, विस्फोटक पदार्थों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्रदेश में अब तक आपराधिक प्रवृत्ति के 1 लाख 60 हजार 926 व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा चुकी है। साथ ही 40 हजार 783 व्यक्तियों को गैर जमानती वारंटों की तामीली करा ली गई है। श्री राजन ने बताया कि प्रदेश में अब तक 2 लाख 69 हजार 144 लाइसेंसी शस्त्र थानों में जमा करा लिये गये हैं। 730 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए गए हैं। कार्रवाई के दौरान अब तक 2 हजार 839 अवैध हथियार, 683 कार्टिज, 3 हजार 919 विस्फोटक पदार्थ एवं 1 बम भी मिला है। ये सभी सामग्रियां तत्काल जब्त कर ली गई हैं। प्रदेश में कुल 376 अंतर्राज्यीय नाकों एवं 696 आंतरिक नाकों के माध्यम से निगरानी की जा रही हैं। प्रदेश में 839 फ्लाइंग स्क्वाड (उड़नदस्ता), 994 सर्विलांस टीम (एसएसटी) एवं 99 क्विक रिसपांस टीम (क्यूआरटी) कार्य कर रही हैं।

2 हजार 533 अभ्यर्थी निर्वाचन प्रक्रिया में लेंगे भाग

भोपाल । मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए प्रदेश में 2 हजार 533 अभ्यर्थी निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेंगे। इसमें मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों, गैर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों एवं निर्दलीय (स्वतंत्र) उम्मीदवार शामिल है। प्रदेश में 2280 पुरूष अभ्यर्थी, 252 महिला अभ्यर्थी और एक थर्ड जेंडर अभ्यर्थी निर्वाचन प्रक्रिया में शामिल होंगे। जिलों में मशीनों की एफएलसी और द्वितीय रेंडमाइजेशन की कार्यवाही की जाएगी। यह कार्यवाही रिटर्निंग अधिकारी एवं निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की उपस्थिति में होगी। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए 21 अक्टूबर से नाम निर्देशन पत्र जमा करने की प्रक्रिया शुरू हुई थी। 30 अक्टूबर तक नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए थे। 31 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की गई थी। 2 नवंबर को नाम वापस लेने की अंतिम तिथि थी। 17 नंवबर को पूरे प्रदेश में एक ही चरण में मतदान प्रक्रिया संपन्न होगी तथा 3 दिसंबर को मतगणना होगी।

चुनाव प्रचार में जुटे कार्यकर्ता पदाधिकारी

छपारा यशोः-केवलारी विधानसभा क्षेत्र के छपारा मंडल में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आज नगर भ्रमण किया जहां भाजपा प्रत्याशी राकेश पाल सिंह जी के लिए चुनाव प्रचार किया आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी ने फरेश कॉलोनी जमा मस्जिद जयसवाल कॉलोनी हनुमान कॉलोनी महाराणा प्रताप कॉलोनी और शनिचरी इन वार्डो में सैकड़ो कार्यकर्ता के साथ जनसंपर्क किया जहां लोगों का भारी जन समर्थन प्राप्त हुआ जनसंपर्क कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय गोयल सुबोध जैन नागेश सिंह राजेश जैन भालू सेठ लेखराम साहू कैलाश तंतुबाय चेतराम डेहरिया मंडल अध्यक्ष पंकज जोलदेव नगर पारिषद अध्यक्ष श्रीमती निशा सुरेश पटेल पार्षद राकेश भारद्वाज पप्पू ठाकरिया पार्षद श्रीमती निर्मला ठकारिया श्रीमती शिवनीता सिंह जित्तु ठाकुर धर्मेन्द्र जैन सोनू साहू पंडित नीरज दुबे प्रशांत सिंह महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती रेखा जावरे कृष्ण गोपाल साहू स्वर्णिम साहू रफीक खान विकास सेय्याम आतीक खान श्रीमती नीतू विश्वकर्मा इस्माइल खान सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की कार्यकर्ता मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे

288 करोड़ 38 लाख रूपये से अधिक की जब्ती कार्रवाई

प्रदेश में 2018 के विधानसभा निर्वाचन से अब तक करीब चार गुना अधिक हुई कार्रवाई

भोपाल । मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के बाद से प्रदेश में एनफोर्समेंट एजेंसियों द्वारा सक्रियतापूर्वक लगातार कार्रवाई की जा रही है। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से विधानसभा निर्वाचन 2023 संपन्न कराने के लिए गठित निगरानी दलों एफएसटी, एसएसटी और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अवैध शराब, मादक पदार्थ, नकद रुपये, अमूल्य धातु, सोना चांदी, ज्वेलरी सहित अन्य सामग्रियाँ जब्त की जा रही है।

संयुक्त टीमों द्वारा 9 अक्टूबर से 4 नवम्बर तक 288 करोड़ 38 लाख 95 हजार 49 रुपये की जब्ती की कार्रवाई की गई है। इसमें 31 करोड़ 82 लाख 65 हजार 813 रुपये की नकद राशि, 52 करोड़ 22 लाख 43 हजार 636 रुपये कीमत की 25 लाख 6 हजार 234 लीटर से अधिक अवैध शराब, 14 करोड़ 58 लाख 84 हजार 331 रुपये कीमत के मादक पदार्थ, 81 करोड़ 29 लाख 25 हजार 884 रुपये कीमत की अमूल्य धातु, सोना-चांदी, ज्वेलरी और 108 करोड़ 45 लाख 75 हजार 385 रुपये कीमत की अन्य सामग्रियां जब्त की गई है।

प्रदेश में वर्ष 2018 के विधानसभा निर्वाचन में (6 अक्टूबर से 28 नवंबर के बीच) आदर्श आचरण संहिता के दौरान 72 करोड़ 93 लाख रुपये की एनफोर्समेंट एजेंसियों द्वारा कार्रवाई की गई थी, जबकि इस वर्ष 2023 के विधानसभा निर्वाचन (9 अक्टूबर से 4 नवम्बर के बीच) में 288 करोड़ 38 लाख रुपये से अधिक की जब्ती की कार्रवाई की गई है।

ट्राला से टकराई बोलेरो दो की मौत

सिवनी यशोः- बंडोल थाना क्षेत्र के भोंगाखेड़ा गांव के पास फोरलेन पर रविवार सुबह करीब 11 बजे एक बोलेरो वाहन सामने चल रहे ट्राला से टकरा गया। इस हादसे में बोलेरो वाहन में सवार एक 10 साल के बच्चे समेत एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं वाहन में सवार दो अन्य बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को जिला अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद नागपुर रेफर किया गया है।

बंडोल थाना प्रभारी आरके दुबे ने बताया है कि भैरोगंज सिवनी निवासी महेश बरमैया तीन बच्चों के साथ छपारा के सिमरिया गांव से बोलेरो वाहन में सवार होकर सिवनी की ओर आ रहे थे। इसी दौरान भोंगाखेड़ा के पास पहुंचते ही सामने से चल रहे ट्राला के चालक ने अचानक ट्राला को मोड़ दिया। इससे बालेरो वाहन पीछे से ट्राला से टकरा गया।

दो लोगों की मौत

टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरो वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं इस वाहन में सवार भैरोगंज निवासी महेश बरमैया (35) और दीपक बरमैया (10) की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे के बाद मौके पर राहगीरों व ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। भीड़ में से कुछ लोगों ने हादसे की जानकारी बंडोल पुलिस और 108 वाहन में दी।

सूचना पर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। हादसे पर बंडोल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। वहीं मुतकों के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सौंप दिया गया है।

जिस तरफ आप के कार्यकर्ता जायेंगे उस तरफ जीत का सहरा बंध जाएंगा - किशोरीलाल भलावी

बरघाट यशोः- बरघाट विधानसभा में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक प्रतिदिन आयोजित की जा रही है , आम आदमी पार्टी के विधानसभा बरघाट के दावेदार प्रत्याशी किशोरीलाल भलावी पूर्व में भी विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहे और इस बार बार दावेदार थे परंतु आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा मध्यप्रदेश में सिर्फ 70 विधानसभाओं के प्रत्याशी घोषित किए परंतु 4 प्रत्याशियो की कांग्रेस में वापसी के बाद सिर्फ 66 प्रत्याशी ही विधासभा चुनाव में अपना दाव खेलेंगे ।

बरघाट विधानसभा में भाजपा और कांग्रेस दोनो ही राष्ट्रीय पार्टी ने सिर्फ कागजों पर और जुबान पर ही विकास किया है । धरातल पर दोनो ही शून्य रहे है , ऐसी परिस्थिति को देखते हुए किशोरिलाल भालवी के विधायक बनने नई उम्मीद लोगो में थी और लगातार कई वर्षो से बरघाट-कुरई विधानसभा में सक्रिय नेता रहे है परंतु आम आदमी पार्टी के द्वारा उन्हें एबी फॉर्म नही दिया जिसके कारण उनका फॉर्म निरस्त कर दिया है , लेकिन विधानसभा में लगातार सक्रिय रहने के कारण किशोरीलाल भलावी के 50 हजार से ज्यादा समर्थक उनके साथ जुड़ चुके हैं । अब किशोरीलाल भलावी इतने बड़ी तादाद में समर्थको के साथ जिस पार्टी में जायेंगे निश्चित ही उस पार्टी को जीत का सहरा बंध जाएंगा , इसी रणनीति को लेकर सोमवार को कुरई के कार्यकर्ताओं की बैठक खवासा में आयोजित की गई थी जिसमे खवासा , पीपारवानी और टूरीया के कार्यकर्ता सम्मिलित रहे , सभी कार्यकर्ता अंतिम निर्णय का इंतजार कर रहे है । सर्वसम्मति से जो फैसला लिया जाएंगा उसके बाद सभी कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर एक पार्टी का समर्थन करेंगे ।

उम्मेदवारों के वादों मे विकास की उम्मीद ढूँढता मंडला

मंडला यशोः- मंडला माँ नर्मदा की गोद मे पलता एक आदिवासी बाहुल्य ज़िला है । एक ओर जहाँ ज़्यादातर नगर विकास और चकाचौंध में घुमते जा रहे है वही दूसरी ओर यह ज़िला अपनी प्राकृतिक विरासत को आज भी संभाले हुये है । यह ज़िला राजनैतिक दृष्टी से तो बहुत महत्वपूर्ण है ही पर शायद विकास की दृष्टी से इस ज़िले को यहाँ के राजनेताओं ने उतना महत्वपूर्ण नहीं समझा । यही कारण है की यह ज़िला आज भी शिक्षा, सड़क, चिकित्सा जैसी मूलभूत आवश्यक्ताओ के लिये जूझ रहा है । इस ज़िले मे विकास के सारे काम अधूरे पड़े हुए है

चुनाव विशेष
मध्य प्रदेश
विधानसभा चुनाव

चाहे बात रेल की हो चाहे बात सड़क की हो और चाहे बात अस्पताल मे डॉक्टरो की कमी की हो सारे के सारे के कार्य यहाँ अधूरे ही है ।

एक आदिवासी बाहुल्य ज़िला हमेशा किसी भी सरकार की प्रथम प्राथमिकता मे रहता है क्योकि केंद्र सरकार के साथ - साथ कई अंतर्राष्ट्रीय संस्थाये इस ज़िले की विकास और मूलभूत सुविधाओ के लिये कार्य करती है और विकास और आदिवासी कल्याण के लिये बड़ी मात्र मे पैसा सरकार उपलब्ध कराती है पर आज तक भी मंडला ज़िले के हालात देखकर ऐसा सहज अनुभव किया जा सकता है कि जिस गति से विकास होना था वह नहीं हुआ । आज ज़िले के युवा को रोजगार तो छोड़िए शिक्षा के लिये तक पलायन करना पड़ता है । यहाँ इंजीनीयरिंग से लेकर मेडिकल और बीएससी स्पेशल और कई कोर्सो के लिये ज़िले से बाहर जाना पड़ता है । बात की जाय स्वास्थ्य व्यस्थाओ की तो ज़िले की हकीकत किसी से छिपी नहीं है । यहाँ अस्पताल की बड़ी इमारत होने के बाद भी यहाँ डॉक्टर की विशेष कमी है ।

मंडला मे यातायात का विकास एक सपने जेसा लगने लगा है यहाँ सबसे बड़े यातायात विकास के मुद्दे है मंडला जबलपुर मार्ग और दूसरा है रेल मार्ग मंडला जबलपुर मार्ग पिछले 6 सालो से बन नहीं पाया है आज भी उसकी स्थिति बदहाल है । देश मे एक और जहाँ सेकड़ों किलोमीटर की ह्ाइवे महीनों मे बन जा रही है वही यह हाइवे मात्र 63 किलोमीटर का होने के बद भी 6 सालो मे नहीं बन पाया है । बात की जाय रेल्वे के विकास की तो यहाँ के राजनेता मंडला फोर्ट नामक स्टेशन देकर जनता से वाहवाही लूटने मे लगे है जबकि यहाँ से सिर्फ2 से 3 ट्रेन ही जाती है । रेल्वे किसी भी क्षेत्र के विकास मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है उस हिसाब से यह इस ज़िले के लिये सबसे ज़रूरी है पर वर्तमान समय मे ज़िले मे एक ही जंक्शन है वो है नैनपुर जंक्शन वो भी अपनी भोगोलिक स्थिति के कारण स्टेशन बन गया है पर मंडला जैसी जगह जहाँ से बिछियाए घुघरीए मवई ए निवास जैसी तहसील जुड़ती है और जहाँ मंडला की 70 प्रतिशत आदिवासी आबादी रहती है अब वह आबादी ही इस रेल सुविधा का फायदा नहीं उठा पा रही तो यहाँ के नेता किस बात की वाहवाही लूट रहे है यह समझ पाना मुश्किल है । बस यही मूलभूत आवश्यकताओ के लिये मंडला सालो से भ्रष्ट अधिकारियों और नेताओ लड़ाई लड़ रहा है और इस बार विधान सभा के उम्मीदवारो से अपने विकास की उम्मीद लगाये बैठा है ।

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री की सड़क के विषय मे माफी मांगने की सालगिरह पूरी , अभी तक नहीं पूर्ण हो पाया मंडला — जबलपुर मार्ग



मंडला यशोः- कहते है अन्धो की बस्ती मे दिया जला के `या होगा । ऐसा ही कुछ हुआ था 7 दिसंबर 2022 के दिन जब केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मंडला ङ्क जबलपुर सड़क मार्ग की बदहाल स्थिति और निर्माण मे हो रही देरी को लेकर जनता से माफी माँगी थी और स्थानीय नेताओ और संबन्धित अधिकारियों को यह आदेश दिये थे की एक साल से अंदर जल्द से जल्द सड़क के निर्माण कार्य को पूर्ण किया जाय पर शायद वो अन्धो की नगरी मे दिया जलाने का काम कर रहे थे क्योकि उनके जाने के बाद न ही आज तक उस सड़क पर कोई निर्माण कार्य हुआ और न ही उसकी गुडवत्ता मे कोई सुधार हुआ बस विकास के वो सारे वादे कागजो मे वादे बनकर ही रह गये तो यह कहना तो सही ही होगा गडकरी ने मंडला के अंधे जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के सामने दिया जलाने का काम किया जिनका उन नेताओ और मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कार्पोरेशन के अधिकारियों पर कोई प्रभाव नहीं पडा ।

जगह — जगह सड़क पर पड़ रही दरारे , खराब क्वालिटी की निर्माण का दे रही परिचय

मंडला जबलपुर मार्ग अभी निर्माणाधीन ही है की जहाँ सड़क बनी है वहाँ ङ्क वहाँ बड़े बड़े गड्ढे हो गये है । कही-कही यह गड्ढे का आकार इतना अधिक हो गया है की ऐसा लगता है रोड बीच से टूट गई हो । कही सड़क के बीच मे इतनी बड़ी दरारे है की गाड़ियों के चके फस जाते है और ऐक्सडेंट होने की संभावना बढ़ जाती है। जगह ङ्क जगह सड़क लेवल मे नहीं बनी है जिस कारण गाड़िया ऊपर बबलिंग करती है जिस कारण गाड़ियों के साथ ङ्क साथ अंदर रखे समान और यात्रियो को भी चोट लगने का डर बना रहता है । यह सभी बाते प्रशासन के सड़क निर्माण की खराब गुडवत्ता को प्रदर्शित करती है । रोड के आस ङ्क पास पहाड़ो की कटाई भी बहुत अव्यवस्थित ढंग से की गई है जिस कारण किसी भी वक्त चट्टानों के गिरने का खतरा बना रहता है ।

यह कहना गलत नहीं होगा की जिस स्तर की सड़को के निर्माण का नितिन गडकरी दावा करते है वह मंडला जबलपुर हाईवे मे पूरी तरीके के फ़ेल हो चुका हाई अब यह देखना होगा अधिकारियों को नेताओ की आखे कब खुलती है ।

रिटर्निंग ऑफिसर्स एवं नोडल अधिकारियों की बैठक संपन्न

मंडला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक शाहनवाज चौधरी, ओइनम सरनकुमार सिंह तथा पुलिस प्रेक्षक रूपेश कुमार मीणा एवं किशन सहाय मीणा की उपस्थिति में जिले के तीनों विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर्स एवं जिला स्तर से नियुक्त नोडल अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंडला एवं निवास विधानसभा के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक शाहनवाज चौधरी ने कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्यों में गलती के लिए कोई स्थान नहीं है। सभी अधिकारी आवंटित किए गए कार्यों को समझें और उनको बेहतर ढंग से संपादित करें।

बिछिया विधानसभा के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक ओइनम सरनकुमार सिंह ने कहा कि जिन मतदान केन्द्रों में बाउंड्रीवॉल नहीं है वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करें। इस संबंध में स्थानीय निकायों का सहयोग प्राप्त करें। उन्होंने पिंक बूथों में मूलभूत सुविधाओं पर अधिक ध्यान देने की बात कही। श्री सिंह ने कहा कि पिछले चुनाव में जिन क्षेत्रों में कम मतदान हुआ है वहां स्वीप की गतिविधियां बढ़ाएं। इपिक कार्ड न होने की स्थिति में पहचान के रूप में उपयोग में लाए जाने वाले अन्य वैकल्पिक दस्तावेजों के बारे में मतदाताओं को जानकारी दें। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने मतदान दलों की व्यवस्था, सामग्री वितरण एवं वापसी, पोस्टल बैलेट, वाहनों की उपलब्धता, रूटचार्ट, शेडो एरिया, कम्यूनिकेशन प्लान, सीसीटीव्ही कैमरा एवं वेबकास्टिंग, एफएसटी, एसएसटी आदि बिन्दुओं पर विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने मतदान दलों तथा मतदान केन्द्रों की सुरक्षा के संबंध में की गई तैयारियों से अवगत कराया। बैठक में बिछिया, निवास एवं मंडला विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा निर्वाचन संबंधी तैयारियों तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था संबंधी जानकारी पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, सहायक कलेक्टर रवि कुमार सिहाग, संयुक्त कलेक्टर जीपी वर्मा, हुनेन्द्र घोरमारे सहित संबंधित उपस्थित रहे।

छात्र-छात्राओं ने लिया माता-पिता को प्रेरित करने का संकल्प

मंडला यशोः - विधानसभा आम निर्वाचन-2023 में जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला स्वीप नोडल सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट के मार्गदर्शन में विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड घुघरी तथा मोहगांव में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को मोहगांव, भैंसवाही, घुघरी, तबलपानी एवं सलवाह के हायरसेकेंडरी स्कूलों में आयोजित किये गये पत्र-लेखन कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विधानसभा चुनाव में अपने माता-पिता को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिये प्रेरित करने का संकल्प लिया। छात्र-छात्राओं ने अपने अभिभावकों को पत्र लिखा। साथ ही लिखित इस पत्र को वे अपने अभिभावाकों के पास ले जाकर 17 नवम्बर 2023 को मतदान के लिए अनुरोध किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक मतदाता को मतदान करना आवश्यक है।

थाना बीजाडांडी पुलिस ने बेल जंप के आरोपी को किया गिरफ्तार

माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी के विरूद्ध जारी किया गया था स्थायी वारंट

मंडला यशोः- विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मंडला पुलिस द्वारा वारंटियों की गिरफ्तारी, बेल जंप के फरार वारंटियों की तलाश एवं अपराधिक प्रवृतियों के आदतन अपराधियों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस निवास के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक वर्षा पटेल द्वारा फरार आरोपियों एवं स्थायी वारंटियों के गिरफ्तारी हेतु थाना स्तर पर टीम का गठन किया गया है। गठित पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 06/11/2023 को 07 वर्ष पुराने अपराध क्रमांक 152/2016 में फरार स्थाई गिरफ्तारी वारंटी राजा नरेती पिता बद्दू लाल नरेती उम्र 40 वर्ष निवासी चौरई(जमठार) थाना बीजाडांडी जिला मंडला की तलाश पता साजी के दौरान ग्राम खुर्द पिपरिया(समाधी रोड) थाना बरगी जिला जबलपुर मे उपस्थित मिलने पर समक्ष गवाहों के गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय मे पेश किया गया है। बता दे थाना बीजाडांडी के अपराध क्रमांक 152/2016 धारा 302 भादवि में पुलिस टीम द्वारा आरोपी को माननीय न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया था जिसे बेल मिलने पर आरोपी बेल जंप कर लगातार फरार चल रहा था। फरार चल रहें आरोपी के विरूद्ध माननीय न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किये गये थे। जिसमे थाना प्रभारी बीजाडांडी निरीक्षक वर्षा पटेल, सउनि. छविलाल सूर्यवंशी, आर. अमित पाण्डे, आर जयसिंह मरावी, आर. रोहित सिंगौर, आर रोहित कुमार कुशवाहा, म.आर. राजश्री वर्डे चा.आर. विजय छिरा की विशेष भूमिका रही ।

निर्वाचन कार्य में कॉर्डिनेशन, कॉमनशेन्स एवं कॉन्फिडेंश आवश्यक सेक्टर अधिकारियों की बैठक संपन्न

मंडला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक शाहनवाज चौधरी, ओइनम सरनकुमार सिंह तथा पुलिस प्रेक्षक रूपेश कुमार मीणा एवं किशन सहाय मीणा की उपस्थिति में जिले के तीनों विधानसभा के सेक्टर अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मंडला एवं निवास विधानसभा के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक शाहनवाज चौधरी ने कहा कि सेक्टर अधिकारी अपने दायित्वों को गंभीरतापूर्वक समझते हुए उनका बेहतर तरीके से निर्वहन करें। वरिष्ठ अधिकारियों तथा मतदान दलों से समुचित समन्वय करें। बिछिया विधानसभा के लिए नियुक्त पुलिस प्रेक्षक किशन सहाय मीणा ने सेक्टर अधिकारियों को मतदान केन्द्रों में 100 एवं 200 मीटर की परिधि सहित अन्य सुरक्षा संबंधी बिन्दुओं पर आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक मेंकलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि सभी सेक्टर अधिकारी निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण तिथियों एवं कार्यो को ध्यान में रखें। अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करें। अपने मतदान दलों के साथ-साथ रिटर्निंग ऑफिसर तथा कम्यूनिकेशन टीम के सतत संपर्क में रहें। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन कार्य को बेहतर ढंग से संपन्न कराने के लिए कॉर्डिनेशन, कॉमनशेन्स एवं कॉन्फिडेंश आवश्यक है। निर्वाचन के दौरान कौन से कार्य करने हैं और कौन से कार्य नहीं करने हैं इस संबंध में सभी अधिकारी, कर्मचारियों को पर्याप्त समझ होनी चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सेक्टर अधिकारियों को सामग्री वितरण, मतदान दल मतदान केन्द्रों में पहुंचने, मॉकपोल, वास्तविक मतदान प्रारंभ तथा मतदान के प्रतिशत आदि की जानकारी समय पर भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर अधिकारी मतदान के उपरांत सामग्री वापिस कराने के उपरांत ही मतदान दल के सदस्यों को कार्यमुक्त करेंगे। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने सेक्टर अधिकारियों को मतदान दलों एवं मतदान केन्द्रों की सुरक्षा आदि के संबंध में जानकारी दी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, सहायक कलेक्टर रवि कुमार सिहाग सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

''फिर चुनाव आया दोस्त'' गीत विमोचित

मंडला यशोः- मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियों के माध्यम से जिले में विविध प्रयास किए जा रहे हैं जिनमें समाज के सभी वर्ग उत्साहपूर्वक सहभागिता कर रहे हैं। इसी क्रम में फाईडे सिंगर्स ग्रुप द्वारा तैयार किया गया मतदाता जागरूकता गीत ''फिर चुनाव आया दोस्त'' तैयार किया गया है जिसका विमोचन मंडला जिले के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक शाहनवाज चौधरी एवं ओइनम सरनकुमार सिंह तथा पुलिस प्रेक्षक रूपेश कुमार मीणा एवं किशन कुमार मीणा, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा किया गया। कृष्ण गोप एवं मोहम्मद सलीम द्वारा लिखे इस गीत को चारू शुक्ला ने गाया है। मंचासीन अतिथियों ने विश्वास व्यक्त किया कि यह गीत जिले के मतदाता जागरूकता अभियान को नई गति प्रदान करेगा। इस अवसर पर गायक एवं गीतकार को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला योजना भवन में संपन्न हुए इस विमोचन कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, सहायक कलेक्टर रवि कुमार सिहाग, फाईडे सिंगर्स ग्रुप के चंद्रेश खरे, विमलेश मिश्रा, उपसंचालक कृषि मधु अलीसहित संबंधित उपस्थित रहे।

भारतीय जनता पार्टी सरकार ने आदिवासी समाज का हमेशा सम्मान बढ़ाया - अर्जुन मुंडा

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा निवास विधानसभा के मनु ग्राम में भाजपा प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते के पक्ष में की जन सभा जनता से मांगा आशीर्वाद

मंडला यशोः- निवास विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्री फग्गन सिंह कुलस्ते के चुनाव प्रचार में पहुंचे केंद्रीय मंत्री से अर्जुन मुंडा ने मनु ग्राम में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार ने हमेशा आदिवासी समाज का सम्मान बढ़ाया है उन्होंने आदिवासी समाज की महिला को राष्ट्रपति बनाया साथ ही भारतीय जनता पार्टी की सरकार हमेशा आदिवासी समाज के हित और कल्याण के लिए काम किया उन्होंने आदिवासी समाज की विरासत विकास और संस्कृति को आगे बढ़ने का काम किया । कांग्रेस ने हमेशा आदिवासी समाज से झूठ बोलकर उनका फायदा लिया और उन्हें गुमराह कर हमेशा सत्ता हासिल करने का काम किया है। इसलिए उन्होंने आव्हान किया कि आदिवासी समाज कांग्रेस के बहकावे में ना आए।

केंद्रीय मंत्री श्री मुंडा ने कहा कि एकलव्य विद्यालय के लिए हमने नई योजना बनाई है गरीब कल्याण की योजना को हमने शुरू किया है और मोदी सरकार ने मुक्त राशन की व्यवस्था कर कोरोना महामारी के संकट से हर गरीब को मदद पहुंचाने का काम किया। गरीबों के सपनों को पूरा करने के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में हर गांव में प्रधानमंत्री आवास बनाकर उन्हें पक्के घर में रहने का अधिकार दिया। जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मुंडा ने कहा कि आज मैं फग्गन सिंह कुलस्ते के लिए आपसे आशीर्वाद मांगने आया हूं उन्होंने सांसद के रूप में विकास के कार्य किया आज वो निवास विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के विधायक प्रत्याशी है उन्हें विजय बनाकर विधायक बनाना हम सब का काम है। क्योंकि श्री कुलस्ते निवास विधानसभा के प्रत्येक मतदाता को अपना परिवार मानते हैं । प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी परिवार से लेकर समाज से लेकर देश के भविष्य को सुरक्षित उज्जवल बनाने के लिए दिन.रात काम कर रहे हैं ।बहनों का सम्मान करने के लिए प्रदेश में भाजपा सरकार ने लाडली बहन योजना शुरू की माता बहनों का सम्मान देश में शास्त्रों की दृष्टि से हमेशा होता रहा है लेकिन सरकार की दृष्टि से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने पहली बार योजनाओं की मूल में माता बहनों का सम्मान सबसे बड़ी प्राथमिकता के रूप में रखा है।

भारतीया जनता पार्टी की सरकार ही है जो महिलाओं के कल्याण के लिए उनके सम्मान के लिए योजना चलाई है कांग्रेस ने कभी महिलाओं के कल्याण के लिए योजनाएं नहीं चलाई कांग्रेस लाडली बहना योजना को बंद करने की बात कहती है।

केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि महिलाओं की समस्या के समाधान को दृष्टिगत रखते हुए देश में स्वच्छता आंदोलन चलाकर हर गांव हर घर में शौचालय का निर्माण कराया गया मध्य प्रदेश में लाडली बहना योजना लाडली लक्ष्मी योजना का शुभारंभ कर सीधे मातृ शक्तियों को इसका लाभ पहुंचा गया कांग्रेस के जमाने में माता बहनों को हमेशा कमजोर समझ गया लेकिन भारतीय जनता पार्टी सरकार ने माता बहनों को शक्ति के रूप में बदलने का काम मोदी जी के नेतृत्व में किया। गांव के पढ़ने वाले बच्चे ज्यादा से ज्यादा डॉक्टर बने इसके लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने की अवधारणा तय की है जनजाति क्षेत्र मंडला में मेडिकल कॉलेज स्थापना से सबको स्वास्थ्य लाभ मिल सकेगा। आयुष्मान भारत की योजना संकट में संजीवनी की तरह काम कर रही है ।उन्होंने कहा कि बैगा सहरिया समाज के लिए अलग से योजना बनाई गई हैए देश के जनजाति समाज के सम्मान के लिए 15 नवंबर को जनजाति गौरव स्वाभिमान दिवस प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने घोषित किया है प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने मध्य प्रदेश की जनता की जना कांक्षाओं को उनके सपनों को पूरा करने का हमेशा कार्य किया है ।आज मध्य प्रदेश में विकास को एक नया स्वरूप दिया गया है उन्होंने आम जनता से आग्रह किया कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्री फग्गन सिंह कुलस्ते को विजय बनाएं और भारतीय जनता पार्टी के हमारे नेता देश के हितचिन्तक श्री नरेंद्र मोदी जी के सपनों को साकार करने में अपना बहुमूल्य योगदान प्रदान करें। इसके पूर्व जनसभा को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला संयोजक रतन ठाकुर विधानसभा प्रभारी महेश विश्वकर्मा सह प्रभारी यतींद्र विश्वकर्मा मंडल अध्यक्ष रूपेंद्र खडगरे जिला पंचायत सदस्य शिव पुशाम सहित पार्टी के कार्यकर्ता एवं स्थानिक नागरिक मतदाता उपस्थित थे।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक- मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297